# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–04 अक्टुबर 2023** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज बस्ती जिले के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। उन्होंने मण्डलायुक्त सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनप्रतिनिधियों के साथ नियमित संवाद बनाये रखें और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन–जन तक पहुंचाने के लिये कृत संकल्प रहें। श्री योगी ने बस्ती मण्डल के तीनों जनपदों बस्ती, संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर के जनप्रतिनिधियों को अटल आवासीय विद्यालयों का भ्रमण करने और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने को कहा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को भू–माफिया और खनन माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने मण्डल के अधिकारियों को सम्पूर्ण समाधान दिवस और थाना दिवस में लोगों की समस्याओं को गम्भीरता के साथ सुनने और उनके तत्काल निस्तारण का भी निर्देश दिया। श्री योगी ने आर्य समाज नई बाजार बस्ती के स्वर्ण जयंती समारोह को भी सम्बोधित किया। उन्होंने इस अवसर पर रचितांजलि पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी के संघर्ष में आर्य समाज के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

**********

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज प्रयागराज के कलेक्ट्रेट संगम सभागार में वर्ष दो हजार पच्चीस में आयोजित होने वाले कुंभ के आयोजन के सम्बन्ध में सभी विभागों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रयागराज के विकास कार्यों के बारे में सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिये। बैठक के बाद प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि प्रयागराज–रसूलाबाद घाट का चौड़ीकरण किया जायेगा। इसके लिये विभाग को कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, फाफामऊ घाट के अलावा जहां भी अन्तिम संस्कार होते हैं, वहां के लिये विस्तृत कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा रिंग रोड के पांच किलोमीटर के दायरे में प्लॉटिंग न होने देने के भी निर्देश दिये गये हैं।

**********

वाराणसी जिला न्यायाधीश अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ज्ञानवापी परिसर में व्यासजी के तहखाने से जुड़े मामले पर अब कल अपना फैसला सुनाएगी। वादी पक्ष के अधिवक्ता सुभाष नंदन चतुर्वेदी ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से आज इस मामले में फैसला नहीं आ सका। इसके अलावा ज्ञानवापी परिसर में जारी एएसआई सर्वे के लिए और चार हफ्ते का समय दिए जाने के प्रार्थनापत्र पर भी आज न्यायालय में सुनवाई हुई। न्यायालय ने प्रतिवादी पक्ष को इस पर आपत्ति दाखिल करने के लिए कल तक का समय दिया है। एएसआई को अभी छः अक्टूबर तक ज्ञानवापी परिसर का सर्वे करने की अनुमति है।

**********

वाराणसी में देव दीपावली महोत्सव सत्ताइस नवंबर को मनाया जाएगा। इस दिन कार्तिक पूर्णिमा के साथ गुरू नानक जयंती का शासकीय अवकाश भी रहेगा। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता वाली गंगा महोत्सव समिति ने सभी पक्षों से बातचीत के बाद देव दीपावली की तिथि की घोषणा की। देव दीपावली का आयोजन काशी के सभी घाटों पर किया जाएगा। कुछ विद्वानों ने छब्बीस नवंबर को देव दीपावली के लिए उपयुक्त माना था, जिसके बाद तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बन गयी। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों के दौरान देव दीपावली से जुड़े सभी हितधारकों के साथ बैठक कर उनका पक्ष जाना गया। इनमें देव दीपावली से जुड़ी समितियां, होटल एसोसिएशन, पर्यटन विभाग, संस्कृति विभाग, पुलिस, पंचांग के विद्वानगण और काशी विद्वत परिषद के प्रतिनिधियों सहित अन्य लोग शामिल थे। नमामि गंगे संस्था के संयोजक राजेश शुक्ला ने देव दीपावली के महत्व के बारे में बताया–

***ऐसी मान्यता है कि इस दिन देवता काशी के गंगा घाट पर दिवाली मनाने उतरते हैं। गंगा नदी में स्नान करने और दीप दान करने का विशेष महत्व है और इस दिन सह कृतिकाओं का भोजन भी किया जाता है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन पवित्र नदी के जल से स्नान कर के दीप दान करना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि देव दीपावली के दिन दीप दान करने से जीवन में सुख–सम्पन्नता बढ़ती है और देवी–देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है।***

**********

वाराणसी में आज एक भीषण सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गयी और एक बच्चा गम्भीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना फूलपुर थाना क्षेत्र के करखियांव में एक कार और ट्रक की टक्कर से हुई। पुलिस के अनुसार पीलीभीत जिले के थाना माधोटांडा के रूद्रपुर निवासी एक ही परिवार के लोग अस्थि विसर्जन के लिये वाराणसी आये थे। कार में वाहन चालक सहित कुल नौ लोग सवार थे। वाहनों की टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार सवार नौ लोगों में से आठ की मौत हो गयी। हादसे में गम्भीर रूप से घायल तीन वर्षीय बच्चे की हालत चिन्ताजनक बनी हुयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

**********

गोरखपुर सहित पूर्वांचल के कई जिलों में आज भी रिमझिम वर्षा होने से मौसम सुहावना बना हुआ है। मौसम विभाग ने कल भी पूर्वांचल में छिटपुट वर्षा होने का अनुमान जताया है।

**********